शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

अगस्त 2022 के लिए मंत्रिमंडल का मासिक सार:

अगस्त, 2022 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां

1. इस वर्ष, स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) ने अपने 5वें संस्करण मेंएसआईएच-सीनियर के रूप में उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्रों के साथ एसआईएच-जूनियर के रूप मेंस्कूली छात्रों के लिए मंच की शुरुआत की।एसआईएच ने टीमों की भागीदारी में भी वृद्धि दर्ज की, जो 2021 में 24733 से बढ़कर इस वर्ष 29634 हो गई। माननीय प्रधानमंत्री 25 अगस्त 2022 को आयोजित एसआईएच 2022 के ग्रैंड फिनाले के दौरान उपस्थित थे।

2. केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2022 के अधिनियमन के माध्यम से गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी), वडोदरा की स्थापना की गई है।अधिनियम को 16.08.2022 को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई।नई सदी में बढ़ते हुए परिवहन क्षेत्र की उभरती आवश्यकताओंकी पूर्ति हेतु जीएसवी की परिकल्पना की गई है।विश्वविद्यालय का दायरा पूरे परिवहन क्षेत्र को कवर करने के लिए रेलवे से परे विस्तारित होगा।

3. विभाग ने अपने प्रशासनिक नियंत्रणाधीन संस्थानों को प्रोत्साहित किया और राज्य सरकारों के साथ समन्वय किया कि वे अपने प्रशासनिक नियंत्रणाधीन संस्थानों को 'हर घर तिरंगा' और 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' कार्यक्रमों में सक्रियता से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।इन संस्थानों ने अपने कर्मचारियों और छात्रों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया।इसके अलावा, संस्थानों से अनुरोध किया गया कि वे 10 से 14 अगस्त, 2022 के दौरान प्रमुख स्थानों पर विभाजन प्रभावित लोगों के कष्टों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी प्रदर्शित करें, जहां बड़ी संख्या में लोग इसे देख सकें।

4. माननीय शिक्षा मंत्री की उपस्थिति में एआईसीटीई, इग्नू, यूजीसी, डीयू, आईआईटी मद्रास के प्रतिभागियों के साथ 26.08.22 को डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना पर एक बैठक आयोजित की गई।

5. भारतीय विज्ञान अकादमी, बेंगलुरु में 13 अगस्त, 2022 को भारतीय उच्च शिक्षा आयोग (एचईसीआई) विधेयक के मसौदे पर चर्चा करने के लिए डॉ के कस्तूरीरंगन और प्रोफेसर एमके श्रीधर के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

6. माननीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुभाष सरकार की अध्यक्षता में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों में स्थित केंद्रीय वित्त पोषित एचईआई की क्षेत्रीय समीक्षा बैठक 26.08.2022 को आईआईआईटी, श्री सिटी, चित्तूर, आंध्र प्रदेश में आयोजित की गई।बैठक की कार्यसूची मदों में एनईपी 2020 का कार्यान्वयन, संस्थानों द्वारा किए गए नवाचार/नई पहल, अधिगम हानि को कम करने के लिए कोविड-19 की स्थिति के दौरान विभिन्न तरीकों से अध्ययन का प्रबंधन, संस्थानों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना, कौशल विकास और अनुसंधान गतिविधियों की दिशा में संस्थानों द्वारा उठाए गए कदम, समग्र शिक्षा और संचार कौशल के विकास की दिशा में कदम आदिशामिल थे।

7. विकास, ज्ञान संसाधन और नव भारत निर्माण में बौद्धिक विरासत बनाने के संबंध में माननीय शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में 27.08.2022 को एक बैठक आयोजित की गई थी।

****